## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–10.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार .

1. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में रांची में हुई 27वीं पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक, राज्यों को समन्वय स्थापित कर लंबित विषयों का समाधान निकालने के दिये निर्देश।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के समग्र विकास के लिए केन्द्र के समक्ष रखीं 31 मांगें, सहकारी संघवाद की भावना से आगे बढ़ने का किया आह्वान।
3. देवघर और बासुकीनाथ में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले का हुआ शुभारंभ, कल से कांवरियों का उमड़ेगा सैलाब, सुरक्षा और सुविधा के व्यापक प्रबंध।
4. रांची समेत राज्य के 15 जिलों में रुक–रुक कर लगातार हो रही है बारिश, पूर्वी सिंहभूम में स्वर्णरेखा और खरकई नदियां खतरे के निशान से ऊपर।

   और
5. जूनियर भारतीय महिला हॉकी के राष्ट्रीय कैंप में झारखंड के सात खिलाड़ी आमंत्रित, 14 से 31 अगस्त तक बेंगलुरु में प्राप्त करेंगी प्रशिक्षण।

******************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, बिहार के उपमुख्यमंत्री और पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री सहित सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में श्री शाह ने कहा कि नक्सलवाद के विरुद्ध सभी राज्यों की एकजुटता और सुरक्षा बलों की बहादुरी से हमें अभूतपूर्व सफलता मिली है। उन्होंने अगले वर्ष 31 मार्च तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। केन्द्रीय मंत्री ने तीन नए आपराधिक कानूनों की चर्चा करते हुए कहा कि इसके पूर्ण अमल की दिशा में पूर्वी क्षेत्र के राज्यों को और अधिक प्रयास करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारी संघवाद के आधार पर टीम भारत की कल्पना देश के सामने रखी है। उन्होंने कहा कि राज्यों के विकास के माध्यम से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास किये जा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। साथ ही, बिहार और झारखंड के बीच के देनदारियों के बंटवारे से संबंधित मुद्दों पर भी गहन विचार विमर्श हुआ और इनके समाधान की दिशा में आपसी सहमति से निर्णायक कदम उठाने के निर्णय लिये गये। बैठक के बाद बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लंबे समय से लंबित इंद्रपुरी बांध सागर जलाशय के मामले को सुलझा लिया गया है।

पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री के द्वारानिर्देशित किया गया है कि राज्यों के बीच समन्वय स्थापित कर लंबित विषयों का समाधान निकाला जाए।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार का सहयोग नितांत आवश्यक है। वे रांची में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने राज्य की ओर से 31 प्रमुख मांगें केंद्र के समक्ष रखीं। उन्होंने कोल कंपनियों से 1 लाख 40 हजार करोड़ की लंबित रॉयल्टी राशि की तत्काल वसूली की मांग रखी। श्री सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना, ट्राइबल यूनिवर्सिटी की स्थापना और रांची मेट्रो जैसी परियोजनाओं को तेज़ी से आगे बढ़ाने की मांग भी उठाई।

******************

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भाग लेने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शाम लगभग साढ़े चार बजे दिल्ली लौट गए। दिल्ली लौटने से पूर्व श्री शाह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, चंपाई सोरेन और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह से मुलाकात की। लगभग एक घंटे की मुलाकात में प्रदेश की राजनीतिक स्थिति और राज्य सरकार के कामकाज पर चर्चा हुई।

******************

देवघर में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरु हो गया है। राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे ने संयुक्त रूप से श्रावणी मेले का उद्घाटन किया। बाबाधाम में कांवरियों द्वारा जलार्पण का सिलसिला शुरु हो जायेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई कदम उठाये गये हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

इधर, दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम राजकीय श्रवण मेला महोत्सव का भी आज विधिवत उद्घाटन किया गया। जरमुंडी के विधायक देवेंद्र कुंवर और जामा की विधायक लुईस मरांडी ने इसका उदघाटन किया। इस अवसर पर दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि एक महीने तक यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा औ सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी  के. रवि कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति कर लेने का आग्रह किया, ताकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी बनी रह सके।

******************

राज्य भर में आज गुरु पूर्णिमा आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। रांची के योगदा आश्रम में इस मौके पर स्वामी पवित्रानन्द द्वारा  एक विशेष ऑनलाइन ध्यान और सत्संग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड समेत देश भर के अनेक भक्तों ने भाग लिया।

******************

राजधानी रांची, बोकारो और देवघर सहित 16 जिलों में आज रुक–रुक कर लगातार बारिश हो रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने 14 जुलाई तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है और इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। बारिश के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

******************

इधर, पूर्वी सिंहभूम में हुई भारी बारिश के बाद स्वर्णरेखा और खरकई नदियां उफान पर हैं। दोनों नदियों में पानी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी हैं। इसे देखते हुए प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन ने नदियों के आसपास रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

*******************

14 से 31 अगस्त 2025 तक एनसीओई साई सेंटर बैंगलुरू में जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का राष्ट्रीय कैंप आयोजित किया गया है। इसके लिए झारखंड के सात खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें रजनी केरकेट्टा, बिनीमा धान, संजना होरो, पार्वती टोपनो, निशा मिंज, निराली कुजूर और रोशनी आइंद शामिल हैं। एक साथ झारखंड के सात खिलाड़ियों को जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित करने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।